卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 177 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦7 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कांग्रेस के स्टार प्रचारक दिनेश अग्रवाल भाजपा में शामिल

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिनेश अग्रवाल भाजपा में शामिल हो गए। वह लंबे समय से कांग्रेस में थे। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में उन्हें स्टार प्रचारक भी बनाया था। लंबे गिले-शिकवों के बाद उन्होंने कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया। बता दें कि दिनेश अग्रवाल सात बार विधायक का टिकट पाने, मेयर का टिकट पाने और मंत्री भी रह चुके हैं। उधर, प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने पूर्व मंत्री एवं पीसीसी सदस्य दिनेश अग्रवाल और नगर



निगम पार्षद राजेश परमार को पार्टी विरोध ी गतिविधियों के चलते तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। दिनेश अग्रवाल 1993 और 1996 में उत्तर प्रदेश के समय देहरादून विध ानसभा सीट से चुनाव लड़े, लेकिन हरबंस कपूर से हार गए। राज्य बनने के बाद 2002 व 2007 में लगातार दो चुनाव में उन्होंने लक्ष्मण चौक सीट पर नित्यानंद स्वामी को हराया। फिर 2012 में धर्मपुर विधानसभा सीट पर प्रकाश ध्यानी को हराकर विधायक बने। 2017 के चुनाव में वह (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाबा तरसेम सिंह के हत्यारों को हथियार उपलब्ध कराने वाले तीन लोग गिरफ्तार

नानकमत्ता (उद संवाददाता)।कार सेवा बाबा तरसेम सिंह की हत्या में शूटर को हथियार उपलब्ध कराने वाले दो लोग सहित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी डाक्टर मंजूनाथ टीसी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बाबा तरसेम सिंह की हत्या एक बड़े षड्यंत्र के तहत साजिश रचकर की गई थी। पुलिस द्वारा बाबा तरसेम सिंह की हत्या में पहले ही दिलबाग सिंह, बलकार सिंह, हरविंदर सिंह व अमरदीप सिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि फरार अभियुक्तगण प्रगट सिंह पुत्र सोबरन सिंह निवासी तुलापुर थाना



बिलसंडा जिला पीलीभीत, सुल्तान सिंह निवासी देहड़ा गाँव थाना बिलासपुर तथा सतनाम सिंह निवासी कुइया मोहलिया थाना बंडा जिला शाहजहांपुर भी बाबा तरसेम सिंह की हत्या की साजिश में शामिल है । सुल्तान सिंह ही अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू के संपर्क में आया था। एसएसपी ने बताया कि सुल्तान सिंह का काफी लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास है। परगट सिंह (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्राली में स्क्रेप भरते मजदूर की करंट लगने से मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस गंगापुर मार्ग पर एक फैक्ट्री के आगे ट्राली में स्क्रेप भरने के दौरान ऊपर से गुजर रही विद्युत लाईन से छू जाने से करंट लगने पर एक मजदूर की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक के परिजनों पांच लाख का मुआवजा व मकान बनवाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम रूदपुर, पूरनपुर पीलीभीत निवासी 39 वर्षीय सुरेन्द्र यादव पुत्र मूलचन्द्र यहां मौहल्ला रेशमबाड़ी वार्ड 13 में परिवार



के साथ किरायेदार के रूप में रहकर मजदूरी का काम करता था। बताया जाता है कि गत दिवस उसे एक ठेकेदार गंगापुर मार्ग पर स्थित फैक्ट्री से ट्रैक्टर ट्राली में स्क्रेप भरने के लिए ले गया था। ट्राली विद्युत लाईन के नीचे खड़ी की गई थी। काम करने के दौरान सुरेन्द्र का हाथ ऊपर गुजर रही विद्युत तार से छू गया। जिससे वह करंट की चपेट में आ गया और कुछ ही देर में उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जिससे मौके पर काम कर रहे अन्य मजदूरों में हडकम्प मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री है। परिजनों ने मामले के दोषियों से मृतक की पुत्री के नाम पांच लाख की एफडी व परिवार के लिए मकान बनवाने की मांग की है।

## हादसे में घायल युवती ने भी तोड़ा दम

### बेलबाबा के पास रुद्रपुर के स्कैप कारोबारी का परिवार हुआ था हादसे का शिकार

हल्द्वानी। गुरुवार को रामपुर रोड स्थित बेलबाबा के पास हुए सड़क हादसे में घायल युवती की भी उपचार के दौरान मौत हो गई है। उसका शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। जबकि हादसे के दिन युवती के माता पिता की मौत हो गई थी। वार्ड पांच खेड़ा रुद्रपुर निवासी 50 वर्षीय जहूर अहमद पुत्र हबीब स्क्रैप का कारोबार करते थे। गुरुवार को वह अपनी पत्नी 48 वर्षीय राशिदा और 24 वर्षीय बेटी निदा के साथ घर से नैनीताल में रहने वाले अपने भाई के घर जा रहे थे। रामपुर रोड टांडा एसमोड़ से आगे उनकी कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई जिससे कार में सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। क्षेत्र में गश्त कर रहे पुलिस कर्मियों ने जहूर, राशिदा और निदा को दुर्घटनाग्रस्त वाहन से निकाला और लोनिवि के अधि शासी अभियंता के वाहन से तीनों को एसटीएच ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने जहूर और उनकी पत्नी राशिदा को मृत घोषित कर दिया जबकि बेटी की हालत को नाजुक देखते हुए आईसीयू में भर्ती कराया गया।हालत में सुधार नहीं हुआ तो निदा को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां रविवार को निदा ने भी दम तोड़ दिया। निदा की मौत की खबर मिलने पर सीओ नितिन लोहनी मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंच गए। मृतक का पचनामा भरकर शव पीएम के लिए भेजा गया। सीओ ने शोक संतप्त परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।

## कफन में दफन हो गया कंपाउंडर की मौत का राज

■ **मनोज श्रीवास्तव**

काशीपुर। प्राइवेट हॉस्पिटल में कार्यरत कंपाउंडर अरविंद की मौत ने अपने पीछे कुछ ऐसे सवाल छोड़ दिए जिसका जवाब अब तक कोई ढूंढ नहीं पाया। उसने किन परिस्थितियों में आत्महत्या का फैसला लिया इस बात का जवाब मृतक के परिजन भी नहीं दे पा रहे हैं लेकिन इतना तो तय है कि बगैर किसी ठोस कारण के इतना बड़ा कदम नहीं उठाया जा सकता।



फिलहाल उसकी मौत का राज कफन में दफन हो गया। पुलिस ने आज मृतक के शव का अंत्य परीक्षण कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से बहजोई देहात, थाना बहजोई जनपद संभल उत्तर प्रदेश तथा हाल काशीपुर (शेष पृष्ठ सात पर)

## पति की मौत के एक घंटे बाद पत्नी ने दिया बेटे को जन्म

काशीपुर। पॉइजनिंग के शिकार कंपाउंडर ने उपचार के दौरान जिस हॉस्पिटल में दम तोड़ा उसी अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती उसकी पत्नी ने पति की मौत के लगभग एक घंटे बाद बेटे को जन्म दिया। मृतक कंपाउंडर के परिजनों को यह भी नहीं पता कि वह काशीपुर में किराए पर कहां रहा करता था। जानकार सूत्रों का कहना है कि कुछ समय से मृतक कंपाउंडर किसी बात को लेकर मानसिक रूप से परेशान रहा करता था। इस घटना के (शेष पृष्ठ सात पर)

## साइबर ठगों ने युवक को लगाया एक लाख का चूना

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। लोगों को जागरूक करने के बाद भी साइबर ठगी की घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। लोग साइबर ठगों के जाल में फंस कर अपनी मेहनत की कमाई गंवाने में लगी हैं। अब हल्द्वानी का एक और युवक साइबर ठगों के जाल में फंस कर एक लाख रूपए गंवा चुका है। पीड़ित ने रकम वापस दिलाने की गुहार साइबर पुलिस से की है। गुरीपुर जीवानंद लामाचौड़ निवासी निखिलेश गुणवंत पुत्र विजय कुमार ने साइबर पुलिस में शिकायत की है उसके मोबाइल पर फोन आया था और कहा गया कि उसने ताइवान के लिए जो पार्सल बुक कराया है उसमें अवैध सामग्री बरामद हुई है और जल्द ही साइबर क्राइम ब्रांच मुंबई में रिपोर्ट करने को कहा गया। उसने मुंबई आने में असमर्थता जताई तो उसे स्काईप काल से जोड विडियो काल कराई गई और पारिवारिक जानकारी व प्रोफेसनल(शेष पृष्ठ सात पर)

## श्रमिक के जेब में रखा मोबाईल फटा,घायल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल की एक फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिक की जेब में रखा मोबाईल उस समय फट गया जब वह फैक्ट्री गेट पर बस से उतर रहा था।



इस घटना में श्रमिक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार पंतनगर सिडकुल की राकेट रिद्धी-सिद्धी कंपनी में कार्यरत रुद्रपुर के वार्ड नंबर 25 सनसिटी कालौनी निवासी महेश पाल शनिवार को कंपनी की बस में बैठकर ड्यूटी गया था। कंपनी गेट पर जब बस से उतरने वाला था। तभी उसकी में रखे मोबाइल से धुआं उठने लगा,जब तक वह मोबाइल बाहर निकालता वह फट गया। जिससे वह बस में बैठे अन्य श्रमिकों में हड़कंप मच गया। धमाका इतनी तेज था कि उसकी पैंट फट गई और पैर झुलस गया। महेश मोबाईल कंपनी के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचा, जहां से उसे सिडकुल चौकी भेज दिया गया है। महेश ने बताया कि वह कंपनी के खिलाफ कंजूमर कोर्ट में शिकायत करेगा।



# परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम से ही संभव: राजवीर शास्त्री





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम ( वैष्णो देवी मंदिर )आदर्श कॉलोनी , रुद्रपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिवस की कथा श्रवण कराई गई, जिसमे कथा व्यास श्री राजबीर शास्त्री जी महाराज ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दीख्र'मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। 'अच्छा खोल मुख।' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्ण ज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है ,उसमें जम्बूद्वीप है ,उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यहब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं। कथा व्यास जी ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नही मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत ,रामायण पढ़ो तो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोडकर गिर्राज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिर्राज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी व कहा हे प्रभु मैं भूल गया था की मेरे पास जो कुछ भी है वो सब कुछ आप का ही दिया है। कथा के दौरान भजनो के ऊपर भक्तों ने खूब आनंद उठाया और पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाली देवी मां हंसेश्वरी देवी जी से सभी ने आशीर्वाद लिया । इस अवसर पर कथा व्यास व भक्त शाम खुराना जी ने मां जी के जनोत्सव व भंडारे में पहुंचने का भी अनुरोध करा । इस अवसर पर महंत भजन प्रकाश अरोड़ा , भक्त श्याम खुराना ,नरेश घई ,सुनीता अरोरा , प्रदीप , अंकित , जीतेश, राजेश, राजीव उपस्थित थे।

## बीस लीटर अवैध शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)।थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान की टीम द्वारा अवैध कच्ची शराब सहित एक व्यक्ति को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ किया गिरफ्तार कर जेल भेजा पुलिस द्वारा फौजी मार्केट वाली गली के अन्तिम छोर में स्थित घर के आँगन से अभियुक्त रमेश पोद्दार पुत्र स्व0 रतिकान्त पोद्दार निवासी फौजी मार्केट ग्राम पिपलिया नम्बर-01 थाना गदरपुर जनपद ऊधमसिंहनगर, उम्र करीब-62 वर्ष को एक सफेद प्लास्टिक के कट्टे में 20 पाउच (कुल 20 लीटर) अवैध शराब खाम नाजायज के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्त के गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुद्ध थाना थाना हाजा पर मुकदमा एफ आई आर नंबर 129/ 2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

## 2.77 किलो गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुलिस ने एक युवक को 2.77 किग्रा गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस गौला गेट के पास चौकिंग कर रही थ। इसी दौरान संदिग्ध हालत में घूमते हुए एक युवक को दबोच लिया। उसके पास मिले कट्टे की तलाशी ली गई तो उसमें गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम रामपाल पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम डहरपुरकलां तहसील दातागंज थाना दातागंज जिला बदायूं हाल निवासी हाथीखाल गोलागेट गौरापड़ाव बताया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया।

## फ्री हेल्थ कैम्प में सैकड़ों लोगों ने कराई जांच

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आज अग्रवाल महिला समिति द्वारा कृष्णा हास्पीटल एंड क्रिटिकल केयर सेंटर के सहयोग से अग्रसेन धर्मशाला में एक दिवसीय फ्री हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य की विशेषज्ञ रोग चिकित्सकों से जांच कराई। शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राजेन्द्र तुलसियान,राजकुमारी तुलसियान, सुषमा अग्रवाल व डा. गौरव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। शिविर में आये लोगों की ब्लड प्रेशर, खून, शूगर आदि की जांचों सहित व नि:शुल्क दवायें वितरित की गई। हास्पीटल के प्रबंध निदेशक डा. गौरव अग्रवाल ने बताया कि कैम्प में डा.पंकज, लीवर व पेट रोग विशेषज्ञ डा. सुदीप चक्रवर्ती, डा. पंकज मोहन, डा. रोबिन जिंदल, डा. पारस अग्रवाल, डा. रूबी गुप्ता, डा. विमल राय आदि रोगियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य के लिए सलाह दीं। अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने बताया कि कैम्प लगाने का मुख्य उद्देश्य समाज के उन गरीब लोगों को लाभ पहुंचाना है जो आर्थिक परेशानियों के कारण अच्छे निजी हास्पीटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के पास उपचार के लिए नहीं जा पाते हैं। इस दौरान प्रिया गर्ग, ऊषा श्यामपुरिया, ऊषा अग्रवाल, शालिनी गोयल, मनोज गर्ग, विजय अग्रवाल, नरेंद्र बंसल, योगेन्द्र जिंदल, विजय श्यामपुरिया, मोनिका बंसल, पूजा बंसल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।





## धूमधाम से मनाया विनोद भुसरी का जन्मदिन

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं समाजसेवी विनोद भुसरी का जन्मदिन उनके गल्ला मंडी स्थित आढ़त में व्यापारियों ने धूमधाम से मनाया। इस मौके पर व्यापारियों ने केक काटकर उन्हें बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर बधाई देने वाले उनके शुभचिन्तकों ने श्री भुसरी के मिलनसार व्यवहार की प्रशंसा करते हुये कहा कि उनके द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर भागीदारी करने से आज उनकी समाज एक अलग पहचान है। सभी लोगों ने भुसरी को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री भुसरी ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा सभी का सहयोग मिलता रहा है। परिवार के बुजुर्गों के आर्शीवाद से वह सामाजिक कार्यों में सहयोग करते रहे हैं। इस मौके पर नगर के कई व्यापारी मौजूद थे।



## जल संस्थान के खिलाफ खाली बाल्टियों सहित प्रदर्शन



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजेन्द्र नगर वार्ड नम्बर 12 में पिछले एक महीने से व्याप्त पेयजल संकट से लोगों का सब्र का बांध टूट गया। स्थानीय लोगों ने सामाजिक कार्यकर्ता हेमन्त साहू की अगुवाई में खाली बर्तनों के साथ जल सस्थान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हेमन्त साहू ने कहा विभाग की घोर लापरवाही की वजह से करीब 100 से अधिक परिवारों को पानी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। साहू ने बताया नई पेयजल लाईन के निर्माण के लिये तहसील दिवस से लेकर विभाग तक कई आवेदन किये गये लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों का जनहित में कोई ध्यान नही है। ऐसे अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोला जायेगा। प्रदर्शन करने वालों में प्रीती आर्या, रमेश चंद्र आर्या, आशा देवी, पुष्पा देवी, सरोज गोस्वामी, रेखा देवी, हेमा आर्या, गिरीश चन्द्र, विद्या देवी, अमित पाल, गोपाल गुप्ता, मनोज कुमार, टीका राम, नवीन चन्द्र, महेश आर्या, राधेश्याम कश्यप, प्रकाश आर्या, नरेश आर्या, मनोज कश्यप, गणेश चन्द्र, पुष्पा गोस्वामी समेत दर्जनों महिलाएँ व पुरूष शामिल थे।

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम ANJU BALA अंजू बाला अंकित है अब मैने अपना नाम ANJU RANI अंजू रानी रख लिया है जो सही है भविष्य में मुझे सही नाम से जाना जाये- अंजू रानी मल्सा गिरधरपुर, ऊधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड

## संकीर्तन में भाजपा नेता चुघ ने लिया अशीर्वाद



रुद्रपुर(उद संवाददाता)।आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी में सार्वजनिक अखंड महानाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें गत रात्रि भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ पहुंचे,जहां उन्होंने माथा टेक आशीर्वाद लिया और कीर्तन में प्रतिभाग किया। सार्वजनिक अखंड महानम संकीर्तन 5 अप्रैल से प्रारंभ होकर 9 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे ,हरे राम हरे रामा रामा हरे हरे का निरंतर जप किया जाएगा। भाजपा नेता श्री चुघ ने कहा कि ऐसे संकीर्तन से क्षेत्र में भक्ति के बयार बहती है और आसपास का वातावरण पवित्र हो जाता है। उन्होंने कहा कि भारत देश धार्मिक आस्थाओं का देश है,जहां समाज के हर वर्ग के लोग अपनी-अ पनी आस्थाओं के आधार पर पूजा पाठ करते हैं जो आने वाली पीढ़ी को नई दिशा देते हैं । उन्होंने सार्वजनिक अखंड महानम संकीर्तन के सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी ।इस दौरान अध्यक्ष विष्णु सरकार, सचिव सरोज राय, उपसचिव पवित्र राय, कोषाध्यक्ष शंकर सरकार,अमित सरकार,मुकेश मालाकार, संजय विश्वास, विश्वजीत मजूमदार ,समीर बावली, संजय ढाली, गौरांग विश्वास ,प्रदीप गोलदार, श्यामल राय ,करण मदक, विश्वजीत भक्त, कौशिक पाल समेत तमाम लोग मौजूद थे।

## आदर्श शिक्षा मंदिर स्कूल का किया उदघाटन



रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने फुलसुंगा क्षेत्र में आदर्श शिक्षा मंदिर स्कूल का फीता काटकर उद्घाटन किया। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर मुख्य अतिथि श्रीमती शर्मा का स्कूल प्रबंधक शालिनी शुक्ला एवं स्कूल की सभी अध्यापिकाओं द्वारा श्रीमती शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर एवं बुके प्रदान कर स्वागत किया गया। यहां अपने संबोधन में श्रीमती शर्मा ने कहा कि स्कूलों के माध्यम से शिक्षा का प्रचार प्रसार बहुत जरूरी है स उन्होंने कहा कि स्कूल बच्चों के अंदर संस्कार भरने का काम करते हैं,उन्होंने कहा कि स्कूल हमारे बच्चो को शिक्षित बनाने का काम करते हैं, जिससे समाज में फैले अंधियारे को हम आसानी से दूर कर सकते हैं । उन्होंने स्कूल प्रबंधिका शालिनी शुक्ला को शुभकामनाएं दी और कहा कि वह शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा आगे बढ़े, और बच्चों को संस्कारवान बनाने में आगे आए। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, संभू मौर्या, सुदर्शन शर्मा, प्रेमपाल, आदि उपस्थित थे।

# इंस्पिरेशन स्कूल में मनाया वर्ल्ड हेल्थ डे

हल्द्वानी। 'वर्ल्ड हेल्थ डे' पर इंस्पिरेशन स्कूल में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 7अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ ओरगेनाइजेशन (डब्लू0 एच0 ओ0) वर्ल्ड हेल्थ डे के रूप में मनाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी संपूर्ण विश्व में वर्ल्ड हैल्थ डे मनाया गया। जिसकी थीम- 'माई हेल्थ माई राइट'। विद्यालय प्रांगण में विशेष प्रर्थना सभा के दौरान छात्र-छात्राओं को कक्षा छः के छात्र विहान बिष्ट द्वारा स्वस्थ रहने की शपथ दिलाई गयी। कक्षा 12वीं के छात्र कार्तिक गोस्वामी ने स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मन पर अपने सुविचार रखे। कक्षा 12वीं की छात्रा सुमेधा जोशी ने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के उपायों पर अपने विचार रखे और बताया कि संतुलित आहार से बीमारियों को दूर रखा जा सकता है। कक्षा 4 की परिधी तिवारी ने कैसे स्वस्थ जीवन जिया इस पर अपने विचार प्रकट किए। इसी श्रृंखला में प्री प्राइमरी से कक्षा 2 के नन्हें मुन्नों को हेल्दी फूड एवं स्वच्छता के महत्व समझाया गया। योगा अध्यापिका द्वारा कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों को योगा करवा कर उन्हें योगा के लाभों से अवगत कराया कि प्रातः उठकर व्यायाम करने से दिन भर स्वस्थ विचार आते हैं व तन-मन स्वस्थ रहता है। कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने वर्ल्ड हैल्थ डे पर स्लोगन राइटिंग एक्टिविटी में प्रतिभाग किया।कर्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने स्चस्थ तन स्वस्थ मन विषय पर सभा को संबोधित किया।उन्होने कहा कि छात्र -छात्राएं अपने परिवेश में भी स्वच्छता रखकर स्वस्थ समाज में सहयोग करें। कर्यक्रम का संचालन कक्षा 12वीं की यशस्वी जोशी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्मिता पंत का योगदान रहा।





क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।

# खटीमा के साथ पूरे प्रदेश के विकास के लिए हूं वचनबद्ध:धामी

खटीमा (उद संवाददाता)। सम्पूर्ण प्रदेश के साथ खटीमा के विकास को लेकर हमेशा वचनबद्ध रहा हूं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनका खटीमा से विशेष लगाव है और खटीमा की जनता भी उन्हें हर वक्त अपना समर्थन देती आई है। खटीमा की जनता ने दो बार चुनाव जिताकर उन्हें विधायक के रूप में सदन में भेजा और आज वह मुख्यमंत्री के रूप में पूरे प्रदेश के साथ खटीमा के विकास को लेकर वचनबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि अपने 2 बार के विधायक के कार्यकाल में उनके द्वारा जिन योजनाओं के लिए धरातल पर काम किया गया था आज वह योजनाएं लागू हो चुकी हैं। जिनका लाभ खटीमा की जनता को मिलने लगा है। कार्यक्रम के दौरान नगर के दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी में आस्था व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कार्यशैली से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष उषा गुंबद, कांग्रेस महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जसप्रीत कौर,नगर विकास समिति के अध्यक्ष राजेश राणा, राइस मिल एसोसि एशन के पूर्व अध्यक्ष सुनील बत्रा, पूर्व सभासद अनिल बत्रा, युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुमित गुंबर, मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष दलजीत गोरिया के साथ नौसर मंडल एवं चकरपुर मंडल के दर्जनों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी नें लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी का जिताने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, विधानसभा संयोजक दान सिंह रावत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, जिला महामंत्री सतीश गोयल, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, नगर अध्यक्ष जीवनदमी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, भवन भट्ट, नंदन सिंह, संतोष अग्रवाल, विमल बुंदेला, अशोक बत्रा, गंभीरसिंह धामी, हिमांशु बिष्ट, रमेश जोशी, नवल वाल्मीकि, ओम प्रकाश राहुल चौहान,भवानी भंडारी, गोपाल बोरा, तारा बिष्ट आदि पार्टी पदाधिकारी थे।





# व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री मुकुंद बिहारी का किया स्वागत

हल्द्वानी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री मुकुंद बिहारी मिश्रा अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ निजी दौरे पर कुमाऊं आगमन यहां पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष नवीन चंद वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रशेखर पंत, प्रदेश संगठन मंत्री नवनीत राणा , रूपेंद्र नगर प्रदेश मंत्री, मदन सिंह फर्त्याल संगठन मंत्री, जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता, महिला महामंत्री उर्वशी बोरा, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री



मनोज जायसवाल, प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना, संगठन मंत्री उपेंद्र कनवाल, उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता द्वारा स्वागत किया गया।प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता ने राष्ट्रीय महामंत्री के समक्ष उत्तराखंड की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए ऑनलाइन, बड़े मॉल और मार्ट की समस्या से अवगत कराया। राष्ट्रीय महामंत्री ने इस समस्या से बहुत ही जल्दी सरकार को अवगत कराया जाएगा और छोटे व्यापारियों को राहत दिलाने के लिए सारे प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने उत्तराखंड अतिथि देवो भव की भावनाओं और सौंदर्य संसाधन और वादियों को अलौकिक बताया।

# रेलवे कोच से सामान चोरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देहरादून काठगोदाम एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहे एक यात्री का अज्ञात व्यक्ति द्वारा लैपटॉप, पर्स आदि सामान चुरा लिया गया। पीड़ित ने जीआरपी चौकी लालकुआं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पोईसर कांदीवली वेस्ट मुंबई निवासी योगेंद्र माहेश्वरी पुत्र चंपालाल ने जीआरपी चौकी में शिकायत की है कि वह दूहरादून- काठगोदाम एक्सप्रेस ट्रेन में हरिद्वार से काठगोदाम की ट्रेन के कोच बी- 4 में यात्रा कर रहा था। लालकुआं पहुंचने पर उसका बैग किसी ने चुरा लिया। बैग में उसका लैपटॉप, चार एटीएम कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविग लाइसेंस, पेन ड्राईव आदि रखे थे।

# हरिनाम संकीर्तन में श्रद्धालु हुए भक्ति में सराबोर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी वार्ड 35 में आयोजित सार्वजनिक अखंड महानाम संकीर्तन महायज्ञ एवं विशाल भंडारे के दूसरे दिन भी संकीर्तन मंडलियों द्वारा निरंतर हरिनाम का गुणगान जारी रखा गया। साथ ही भंडारे का भी वितरण किया गया। आमंत्रित कीर्तन मंडलियों राधाकृष्ण सम्प्रदाय (रोबिन दा) दिनेशपुर, बीना पानी सम्प्रदाय (कालीदास) दिनेशपुर, श्री गुरू सम्प्रदाय (गुरूपदो) सुन्दरपुर, दादा भाई सम्प्रदाय (भंजन) शक्तिफार्म, हरि गोपाल सम्प्रदाय (लता) धर्म नगर तथा राधागोविन्द सम्प्रदाय (रिंकू) महाराष्ट्र द्वारा आगामी 9 अप्रैल दिन सोमवार को प्रातः 6 बजे तक निरंतर क्रमवार महानाम संकीर्तन किया जायेगा। हरिनाम का संकीर्तन सुनकर उपस्थित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पूरी तरह से भक्ति में सराबोर हो गए।9 अप्रैल को प्रातः 6 बजे महानाम संकीर्तन को विश्राम देने के पश्चात ग्रहण किए गए महानाम को विधि विधान के साथ तुलसी माता पौध स्थल पर समर्पित किया जायेगा। आज प्रातः 11 बजे से प्रभु इच्छा तक भंडारा प्रसाद वितरित किया जा रहा है। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष विष्णु सरकार, सरोज राय, पवित्र राय, शंकर सरकार, अमित सरकार, गोविंद राय, रंजीत मंडल, संजय विश्वास, मुकेश मालाकार, संजय ढाली, विश्वजीत मजूमदार, समीर बाबली, संजय ढाली, गौरांग विश्वास, प्रदीप गोलदार, श्यामल राय, करन मदक, विश्वजीत भगत, कौशिक पाल, रविंद्र धर, डा. सुजीत मित्रा, दीपक हालदार, निर्मल हालदार, राजीव विश्वास, विक्रम राय, मनीष सरकार, असीम समद्दार, सुखदेव मंडल, जयदेव पाल, पवित्र शील, संजय विश्वास,श्यामली विश्वास, हेमलाल अधिकारी, देबू मंडल, सुशांत राय, सुब्रत सरकार, नारायण पाल, देव शंकर शील,ममता विश्वास, रेखा तरफदार, दुलाली मालाकार, शांति राय, संजय ढाली, सुजीत पाल, राजीव विश्वास, विक्रम राय, मनीष सरकार, असीम समद्दार, सुखदेव मंडल, जयदेव पाल, पवित्र शील, प्रियंका मंडल, हृदय मंडल, श्यामल राय, आशा सरकार, डा. ईश्वर मल्लिक, काशीनाथ हाजरा, गीता सरकार, दीपाली डे, सन्तोष सरकार, गणेश सरकार, उत्तम अधिकारी, देवदास सरकार, भानु विश्वास, जमुना सरकार, पूर्णिमा मिस्त्री, सरो राय, शिखा मण्डल, अजन्ता मंडल, सुबल मंडल, पुलिन शील, सुमति गांगुली, आरजू दास, तारा गोलदार, गोविन्द सरकार, अमित सरकार, उषा मण्डल, सुषमा राय, मुकेश मालाकार, आयना सरकार, पार्वती सेन, सुब्रत सरकार, विष्णु सरकार, दीपंकर साना, असीम सरकार, विभा विश्वास, माधुरी मण्डल, सुनीता साना, श्याम सरकार,तपन सरकार, मनी मंडल, सुप्रिया हालदार, शिपाली हालदार, मिथुन चक्रवर्ती, पुष्पा सरकार, कल्पना मदक, वकुल वर्मन, अंजली गोलदार, तपन विश्वास, रमेन मंडल, श्यामली सरकार, सुंदरी, कविता मंडल, देवदासी सरकार, सपन साना, विश्वजीत मजूमदार, गायत्री हालदार, मधु सरकार, सुनीता हालदार, सविता मजूमदार, आरती राय, भुवन राय, दुलाल बैरागी, शंकर सरकार, फटीक मजूमदार, काशीनाथ हाजरा, परेश मेहरा, भगीरथ पाल, कंकन विश्वास, खगोपति विश्वास, अशोक राय, बाबू दास, चंदना सरकार, माया बैरागी, ऊषा विश्वास, अमित सरकार, विवेक गुप्ता व मुकेश मालाकारसहित सैकडों श्रद्धालु मौजूद थे।






SAMSUNG
AMSTRAD
MITSUBISHI ELECTRIC
DAIKIN
BOSCH
IFB
dyson
SONY
DELL
JBL
Whirlpool
VOLTAS
Haier
SANSUI
गुरू माँ
महा इलेक्ट्रॉनिक उत्सव
सबसे कम दाम की गारंटी
सबसे ज्यादा 22% तक कैशबैक
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
गुरू माँ
GURU MAA ELECTRONICS
RUDRAPUR I 9917161111-8410888888
गदरपुर
गुरू नानक इन्टर प्राईजेज
(9917161111) (8410888888)
काशीपुर
चीमा चौराहा
रामनगर रोड
(9927813555) (8791989500)
हल्द्वानी
तिकोनिया
पीलीकोठी
(9997207007) (9690256666)







# धूमधाम से मना कोलंबस स्कूल का स्थापना दिवस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। स्थानीय मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विद्यालय का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय के सफलतापूर्वक 27 वर्ष पूर्ण होने के इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पॉलीथीन बाबा के नाम से प्रख्यात पर्यावरण कार्यकर्ता डॉ0 प्रभात उप्रेती ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। साथ ही नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सकगण डॉ0 नितिक बाठला, डॉ0 प्रशान्त भारद्वाज, डॉ0 नवीन अग्रवाल व डॉ0 कोपल माहेश्वरी जी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय प्रांगण में देर शाम सम्पन्न हुए कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने उपस्थित महानुभावों को पुष्पगुँज भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया। तत्पश्चात् प्रबंध निदेशक मनोज खेड़ा , ललित खेड़ा, प्रधानाचार्य मनोज कुमार व सभी विशिष्ट अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित किया व सामूहिक रूप से केक काटकर विद्यालय का स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए विद्यालय के छात्रा-छात्राओं द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गई। संगीत की मनमोहक मधुर तान व नृत्य की खनक पर उपस्थित सभी दर्शक थिरकते नजर आए। रंगारंग कार्यक्रमों का मुख्य आकर्षण हिन्दी नाटक 'ख्वाब अभी बाकी है' रहा जिसने दर्शकदीर्घा में रोमांच और उत्साह भर कर खूब वाहवाही लूटी। साथ ही इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2023-24 के मेधावी छात्र-छात्राओं




को शैक्षिक व पाठ्य सहगामी गतिविधियों में उनके उच्च कोटि के प्रदर्शन के लिए स्कॉलर मैडल व सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न कार्यक्षेत्रों में उच्च पदों पर सेवा दे रहे विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं को भी दुशाला ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार जी ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की 27 वर्षों की प्रगति आख्या प्रस्तुत कर विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 7 अप्रैल 1997 में विद्यालय के संस्थापक स्व0 श्री बालीराम खेड़ा जी द्वारा कोलम्बस स्कूल की नींव रखी गई थी तत्पश्चात् विद्यालय के चेयरमैन केसरदास खेड़ा के अथक प्रयासों से कोलम्बस पब्लिक स्कूल नित नई ऊँचाइयों को छूता गया और नए-नए कीर्तिमान स्थापित करता गया। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा के दूरदर्शी विचारधारा व कुशल नेतृत्व में विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नित नए मुकाम हासिल कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ0 प्रभात उप्रेती जी ने अपने उद्बोधन में मेधावी छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को निखारने के लिए विद्यालय प्रबंधन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। साथ ही पिछले तीन दशकों से भी अधिक समय से 'सिंगल यूज प्लास्टिक' के लिए संघर्षरत अपने अनुभवों को साझा किया विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज खेड़ा ने अपने भाषण के दौरान कहा कि कोलम्बस पब्लिक स्कूल छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अनवरत् रूप से प्रयासरत है और भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अग्रसर रहेगा। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों का विद्यालय की नीतियों एवं छात्रहित में किए जाने वाले विभिन्न पाठ्य सहगामी गतिविधियों के प्रति विश्वास व रूचि बनाए रखने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की उपप्रधानाचार्या डॉ0 कामेश मित्तल ने धन्यवाद प्रस्ताव पढ़कर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर श्रीमती श्वेता खेड़ा, ए0के0बटसर, हेम पन्त, शलेंद्र ग्रोवर, अजमेर सिंह, मनमोहन सिंह सहित शहर भर के गणमान्य,विद्यालय के अभिभावक गण व कर्मचारीगण मौजूद रहे।









# खिलाड़ियों को मतदान के लिए किया जागरूक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। खेल निदेशालय निर्देशों के अनुपालन में 6 अप्रैल शनिवार को स्वीप मतदाता जागरूकता अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय ऊधम सिंह नगर द्वारा फुटबॉल ओपन बालक प्रतियोगिता का आयोजन मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में प्रातः 8 बजे से किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार द्वारा किया गया। नोडल अधिकारी स्वीप द्वारा खिलाड़ियों को खेल अनुशासन बनाए रखना एवं खिलाड़ियों के खेल के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही 18 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों को मतदान करने हेतु एवं अपने आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया ।प्रतियोगिता का



संचालन कॉन्ट्रैक्ट खेलो इंडिया प्रशिक्षक सतनाम बाला और सहायक प्रशिक्षक हरीश द्वारा किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी अधिकारी जानकी कार्की द्वारा मुख्य अतिथि और समस्त खिलाड़ी वह खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उप क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार, सहायक प्रशिक्षक सुरेश बिष्ट मोहित, सहायक प्रशिक्षक रघुवीर सिंह एवं जिला खेल कार्यालय के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

# बंसल ज्वैलर्स शोरूम पर पहुंचे गुजरात के प्रसिद्ध हीरा व्यवसायी घनश्याम ढोलकिया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गुजरात के प्रसिद्ध हीरा व्यवसायी धनश्याम ढोलकिया यहां बंसल ज्वैलर्स के हल्द्वानी और उसके बाद रुद्रपुर शो रूम पर पहुंचे। जहां उनका स्वागत शो रूम स्वामी प्रदीप बंसल, दीपांशु बंसल और स्टाफ ने बुके देकर किया। घनश्याम ढोलकिया यहाँ एक कार्यक्रम में सम्मलित होने आये थे। प्रदीप बंसल से करीबी सम्बंधों के चलते वो हल्द्वानी और रुद्रपुर के शोरूम पर भी गये । बता दे घनश्याम ढोलकिया गुजरात के हरे कृष्णा डाइमंड एक्सपोर्ट के स्वामी है और वो अपने कर्मचारियों को महंगे गिफ्ट देने के लिए दुनिया भर में प्रसिद्धि हासिल कर चुके हैं। उनके द्वारा दीपावली



पर बोनस के रूप में गाडी और फ्लैट गिफ्ट किये गए थे। वहीं हेलमेट देकर सबको सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का काम भी किया था। यही नहीं, इस परिवार की परम्परा है कि परिवार से जुड़े व्यक्ति को कारोबार से जुड़ने से मुश्किल दौर से गुजरना पड़ता है। उन्होंने अपने बेटे को सिर्फ पांच हजार रूपये देकर नौकरी करने के लिये बाहर भेजा था। ताकि वो वास्तविक कारोबार का ककहरा सीख सके। आप इससे अंदाजा लगा सकते हो कि बड़ा आदमी बनने के लिये कितना परिश्रम है।

# भारत विकास परिषद् की नई कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर की सत्र की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण स्थानीय सिटी क्लब में संपन्न हुआ, कार्यक्रम में विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर के सदस्य के रूप में भारत विकास परिषद से जुड़ने वाले 4 नए सदस्यों को शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रोजेक्ट कमेटी सदस्य नरेन्द्र अरोरा, प्रांतीय वित्त सचिव दीपक अरोरा, नगर की सभी शाखाओं के समन्वयक मनोज अरोरा द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। निवर्तमान शाखा अध्यक्ष संजय खेड़ा ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत करते हुए विवेकानन्द शाखा द्वारा गत सत्र 2023-24 में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि



विवेकानन्द शाखा द्वारा मुख्य रूप से सेवा के क्षेत्र में पिछले सत्र में 4 रक्तदान शिविरों के माध्यम से 213 यूनिट रक्त राजकीय रक्तकोष को उपलब्ध करवाया गया, संस्कार के क्षेत्र में भारत को जानो तथा राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र छात्राओं में देशभक्ति की भावना का संचार किया गया, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में निशुल्क एनीमिया जांच शिविर तथा परिवार प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा सेवा एवं संस्कार के क्षेत्र में अन्य नियमित कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रांत द्वारा नियुक्त दायित्व ग्रहण अधिकारी, प्रांतीय वित्त सचिव दीपक अरोरा ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष हरीश ग्रोवर, सचिव अक्षय गहलौत, कोषाध्यक्ष अभि अग्रवाल तथा महिला संयोजिका ज्योति सुखीजा को दायित्व ग्रहण करवाया। इसके पश्चात कार्यकारिणी के सदस्य तथा विभिन्न प्रकल्पों के संयोजकों अंकुर अग्रवाल, विमल अरोरा, अदित्य गौतम, सौरभ अग्रवाल, ललित मोहन कौशिक, संजना अरोरा, समिधा गोयल, पलक जिंदल, मनीष मित्तल, शीशपाल सिंह, सचिन अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, प्रतीक तुलस्यान, स्नेह राधू तथा आस्था तनेजा को दायित्व ग्रहण करवाया गया। विवेकानन्द शाखा के सदस्य के रूप में भारत विकास परिषद से जुड़े नए सदस्यों अक्षत जैन, अक्षय माहेश्वरी, शुभम तुलस्यान तथा लक्ष्य अग्रवाल को शाखा समन्वयक मनोज अरोरा ने सपरिवार शपथ ग्रहण करवा कर अपने उदबोधन में नए सदस्यों का परिषद परिवार में स्वागत करते हुए नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। शाखा ने नव निर्वाचित सचिव अक्षय गहलौत ने आगामी वर्ष में विवेकानन्द शाखा के नियमित कार्यक्रमों को करते हुए, दिव्यांग सहायता हेतु एक स्थाई सेवा केंद्र की स्थापना किए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रोजेक्ट कमेटी सदस्य नरेन्द्र अरोरा ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए परिषद के उद्देश्यों के बारे में नए सदस्यों को बताया और नई कार्यकारिणी को परिषद के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए समाज की सेवा और संस्कारों के माध्यम से समाज निर्माण में सहयोग देते हुए शाखा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रांतीय दायित्वधारी संजय राधू, वीरेन्द्र सुखीजा, शाखा सदस्य पुष्पक अग्रवाल, प्रणव गोयल, हनीश ग्रोवर, अमन अग्रवाल, अमित सिंघल, अरविंद अग्रवाल, मोहित जिंदल, नितिन अग्रवाल, सर्वेश अरोरा, वैभव मित्तल, गीतिका अग्रवाल, शुचि अग्रवाल अंजू ग्रोवर, कनिका अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, नेहा मित्तल , मेघा सिंघल, प्रीति गहलोत, स्नेहिल तुलस्यान एवं रिमी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# चुनाव के लिए अंतर्राज्यीय सीमा पर रहेगी विशेष चौकसी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में नैनीताल-उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र लोक सभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण व निर्वाध सम्पन्न कराने हेतु अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती जनपद बरेली के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय बनाये रखने हेतु महत्वपूर्ण बैठक स्थनीय होटल में आयोजित हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती के साथ यह तीसरी बैठक है। उन्होने कहा कि सभी सीमावर्ती जनपदों के साथ सभी सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा चुका है साथ ही एआरओ, थानाध्यक्षों व सीमावर्ती गांव स्तरों पर भी समन्वय बैठकें कर ली गयी है। उन्होने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन हम आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुये निष्पक्ष,शांतिपूर्ण, निर्वाध सम्पन्न करायेगें। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश के पांच जनपद उधमसिंह नगर की सीमाओं से लगे है। जनपद बरेली के साथ उधमसिंह नगर के विधानसभा रूद्रपुर, किच्छा सितारगंज के 24 गांव लगे है जिनमें 32 बूथ है व 29787 मतदाता है। उन्होंने जनपद बरेली से निर्वाचन में सहयोग समन्वय करने, सीमाओं पर कानून व्यवस्था, चौक पोस्ट, अवैध मदिरा की तस्करी, जनपदीय सीमाओं पर वैरियर एवं सीसीटीवी व्यवस्था कर निर्वाचन को शांतिपूर्ण निर्वाध सम्पन्न कराने में समन्वय व पूर्ण सहयोग की अपील की। जिलाधिकारी बरेली रविन्द्र कुमार ने कहा कि निर्वाचन में पूर्ण सहयोग



व समन्वय के साथ सकुशल निर्वाचन सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने कहा दोनो तरफ के सभी एसडीएम, पुलिस, तहसीलदार, लेखपाल आपस में व्हाटसप ग्रुप बनाकर सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हुये समन्वय बनाकर निर्वाचन को सम्पन्न करायेगें। बोर्ड एरिया पर दोनों तरफ से पैनी नजर रखते हुये सख्ती बरती जायेगी। उन्होने कहा कि निर्वाचन को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये पूर्ण सहयोग रहेगा। एसएसपी बरेली सुशील गुले ने कहा कि पूर्व बैठकों में विस्तृत चर्चा हो चुकी है तथा थानों स्तरों पर भी बैठके कर सूचना आपस में शेयर कर ली गयी है। आपसी समन्वय स्थापित करते हुये निर्वाचन को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होने कहा जनपद बरेली में तीन चरणों में मतदान है इसलिये उन्होने सभी चरणों में मतदान दिवस को बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग की अपील की। नोडल अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से देते हुए बताया कि जनपद में कुल 13,37,607 मतदाता है व सुलभ मतदान हेतु कुल 1465 मतदान बूथ बनाये गये है। उन्होने बताया कि बरेली जिले की सीमाओ से लगे कुल 32 बूथ है जिनमे 29787 मतदाता है।पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के ने बताया कि जनपद में क्रिटिकल एवं वर्नेवल बूथ चिन्हित है तथा शस्त्रों का सत्यापन किया जा चुका है। उन्होने बताया अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर 57 वैरियर लगाये जाते है तथा गोला, बेगूल व कल्याणी नदी रास्तो से भी आवगमन की सम्भावनाये है। इसको रोकने के लिये मोबाईल पुलिस बल तैनात किया जायेगा।अवैध मदिरा, धनराशि, सामाग्री, ड्रग्स पर पैनी नजर रखी जा रही है। बैठक में अपर जिलाधिकारी बरेली दिनेश, पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र मिश्र, अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी यूएस नगर अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, एसडीएम बरेली मुकेश चन्द्र आदि उपस्थित थे।

## कालेज में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार कर्मचारियों व छात्रों के साथ मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया। सभी युवा मतदाताओं को चुनाव ऐप के संबंध में भी जानकारी दी गई। सभी को समझाया गया कि अपने माता-पिता तथा आस-पड़ोस में भी मत के महत्व के बारे में समझाएँ तथा उन्हें वोट देने के लिए प्रेरित करें। सभी के साथ इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया तथा युवा मतदाताओं द्वारा अपने वोट करने के अनुभव भी सॉझा किए गए। इस अवसर पर पर सहायक



(नोडल अधिकारी स्वीप) के निर्देशन में एआरटीओ विमल पाण्डे के नेतृत्व में स्वीप टीम द्वारा राधे हरी डिग्री कॉलेज, काशीपुर व एआरटीओ कार्यालय के के पर्व तथा लोकतंत्र में सरकार बनाने में मतदाता की भूमिका को समझाया गया। सभी युवा मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन 1950 तथा वोटर हेल्पलाइन नोडल स्वीप अमन अनिरूद्ध, व्यौमा जैन, मनीष सिंह , पारस, पिंकेस एवं क्षेत्र के बीएलओ के साथ-साथ कॉलेज के छात्र तथा अध्यापक उपस्थित थे।

## भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता ने कांग्रेस पर दागे सवाल पर सवाल

काशीपुर(उद संवाददाता)। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता हनी पाठक ने आज पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस की कार्यशैली को लेकर सवाल पर सवाल दागे। उन्होंने कहा कि झूठे वादों का मेनिफेस्टो लेकर चुनाव मैदान में वोट मांग रही कांग्रेस ने आजादी के बाद से अब तक समाज के बीच सांप्रदायिक जहर घोलकर देश को विकास की बजाय विनाश के मार्ग पर ले जाने का काम किया यही कारण है कि आज कांग्रेस का समूचे देश से सुपड़ा लगभग साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीटों पर एक बार फिर से भाजपा का कब्जा होगा और केंद्र में पार्टी बहुमत से सरकार बनाएगी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता हनी पाठक ने मोदी सरकार की उपलब्धि



यां को गिनाया। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जब समूचा विश्व अर्थव्यवस्था से जूझ रहा था हमारा भारत देश विश्व में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनकर उभरा। उन्होंने मोदी सरकार के नववर्ष के कार्यकाल के दौरान विकास कार्यों को लेकर बताया कि जन धन योजना उज्ज्वला योजना प्रधानमंत्री आवास योजना समेत दर्जनों कल्याणकारी योजनाओं मैं देश को विकास के पद पर तेजी से आगे बढ़ाया है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस वैसे तो महिला हितों की बात करती है लेकिन उसने अब तक महिलाओं के हितार्थ धरातल पर कितने काम किए हैं इसका कांग्रेस के पास जवाब नहीं है। उन्होंने प्रदेश की धामी सरकार को भी मजबूत सरकार बताया। कहां की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल में ही चार धाम यात्रा को सम और बेहतर बनाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश को समग्र राष्ट के रूप में विश्व के मानचित्र पर स्थापित करने को लेकर लगातार प्रयासरत है। पत्रकार वार्ता के दौरान पुष्कर सिंह बिष्ट, ईश्वर चंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बीस पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जिले में प्रभावी आदर्श आचार संहिता लगने के बाद मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री करने वालों के विरुद्व बागेश्वर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है।वही एसओजी टीम ने थाना कपकोट क्षेत्र में 20 पेटी (238 बोतल) अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोण्डे के निर्देश पर एवं पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी के पर्यवेक्षण में एसओजी प्रभारी प्रहलाद सिंह के नेतृत्व में एसओजी टीम द्वारा अवैध शराब व अन्य मादक पदार्थों की बिक्री/तस्करी पर प्रभावी रुप से अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे सघन चौकिंग अभियान में अपने मुखबीर की सूचना



पर कपकोट भराड़ी हरिमोहन बार के पास वैल्डिंग की दुकान से एक व्यक्ति के कब्जे से 20 पेटी (238 बोतल) अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की।एसओजी प्रभारी ने छापेमारी अभियान में पकड़े गए आरोपी हरीश सिंह कोरंगा, पुत्र मंगल सिंह निवासी ग्राम दुलम थाना कपकोट को दुकान के समीप अवैध रूप से विक्री के लिए रखे शराब की पेटियों के साथ गिरफ्तार किया है।वही कुछ लोगों ने इस पर बार बन्द होने के चलते बार मालिक और सेल्समेनों द्वारा चुनाव में अधिक कमाई और इन दिनों बार पंजीयन होने के चलते बार मे आने वाले ग्राहकों को चुपके से शराब ऊंची कीमत में बेचने का गिरोह चलाने की भी सूत्रों से चर्चा सुनाई दी है।वही ऐसे में कही बार संचालकों द्वारा बार मे अलग गोदामों में शराब रखवाकर मिलीभगत से तो अवैध शराब की विक्री तो नही की जा रही है, इसको लेकर पुलिस और आबकारी विभाग को चुनाव आयोग2की विभिन्न सचल दलों द्वारा गोपनीय तरीके से छापेमारी कर ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग भी की जा रही है।फिलहाल एसओजी प्रभारी और उनकी टीम द्वारा छापेमारी कर बड़ी सफलता प्राप्त की गई है।शराब पकड़ने वाली टीम में एसओजी प्रभारी प्रह्लाद सिंह, एसओजी टीम के हेड कांस्टेबल राज भानु बिष्ट,आरक्षी भुवन बोरा,आरक्षी संतोष सिंह,आरक्षी रमेश सिंह,चालक राजेन्द्र कुमारआदि मौजूद थे।

## शराब माफियाओं से जान माल की सुरक्षा की लगाई गुहार

रूद्रपुर। ग्राम बिंदुखेडा निवासी एक महिला ने एसएसपी कार्यालय में दिए शिकायती पत्र में ग्राम के ही कुछ दबंग शराब माफियाओं से अपने परिवार की जान माल की सुरक्षा करने की गुहार लगाई है। पत्र में महिला ने कहा है कि गांव के ही कुछ लोग अवैध शराब का कारोबार करते हैं जिन्हे समय समय पर पुलिस पकड़ती रहती हैं तथा अक्सर जेल भी जाते आते रहते हैं। 5 अप्रैल की रात्रि वह अपने पुत्र के साथ छत्तरपुर से दवा दिलवाकर आ रही थी। मार्ग में पहले से घात लगाकर बैठे लोगों ने उसके पुत्र की मोटरसाईकिल पर डंडा मारा और रूकने पर दोनों के साथ मार-पीट की और कहने लगे पुलिस में शिकायत करके हमारी शराब पकड़वा दी और केस लगवा दिया है हमारा काफी खर्चा हो गया है तुझे व तेरे परिवार को खत्म कर देंगे। उक्त लोगो ने पुत्र की मोटरसाईकिल भी तोड़ दी। मामले की थाना रूद्रपुर में रिपोर्ट लिखवाने गए तो उनकी रिपोर्ट नही लिखी।

## कच्ची शराब समेत दो तस्कर दबोचे

काशीपुर(उद संवाददाता)। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों से 36 लीटर अवैध कच्ची शराब समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पता चला है कि कुंडा थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी इसी दौरान ग्राम टीला थाना कुंडा निवासी पप्पू सिंह पुत्र रामस्वरूप को क्षेत्र से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान डूगरा कॉलोनी मोड़ से नई बस्ती प्रतापपुर निवासी भूप सिंह पुत्र पातीराम को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 16 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। उपरोक्त दोनों शराब तस्करों से जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए पकड़े गए अभी यूट्यूब को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

## ग्रामीणों को दी स्वस्थ रहने की जानकारी

किच्छा (उद संवाददाता)। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर ग्राम नौगांवा में द हंस फाउंडेशन के सौजन्य से निःशुल्क शिविर में आए हुए लोगों को विश्व स्वास्थ्य सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जेजे कुमार ने बताया कि आजकल आधुनिकता नाम पर इंसान ने अपनी दिनचर्या को इस कदर बिगाड़ लिया है कि इंसानों में बेहतर स्वास्थ्य के प्रति कोई जागरूकता नहीं बची है। विद्यार्थियों को प्रकृति और स्वास्थ्य पर सुविचार अवश्य पढ़ने चाहिए, ताकि वह अपनी दिनचर्या को सुधार कर एक



स्वस्थ जीवन जी पाएं। उन्होंने कहा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही आपको निरोगी बना सकती है। निरोगी काया से ही आपको जीवन जीने में परम सुख की अनुभूति हो सकती है। स्वस्थ तन-मन के साथ ही मानव निज सपनों के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित हो सकता है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग और व्यायाम वरदान के समान है। स्वस्थ शरीर के आधार पर ही सुरक्षित समाज की कल्पना की जा सकती है। योग एक ऐसा माध्यम है जिससे आप स्वस्थ और सुरक्षित महसूस कर सकते हैं। बेहतर स्वास्थ्य ही आपको एक नए आयाम पर ले जाता है, जो आपके जीवन को खुशहाल बनाता है। इस मौके पर मोबाइल मेडिकल यूनिट किच्छा एक, डॉक्टर अभांशु शुक्ला, नेहा अधिकारी, अनुराग यादव, प्रीतम सिंह गुसाई आदि लोगों ने सहयोग किया।

## पेज एक का शेष...

**कफन में दफन हो गया...**

निवासी अरविंद कुमार 24 वर्ष पुत्र नेमपाल एक निजी अस्पताल में कंपाउंडर के पद पर कार्यरत है। पता चला है कि कुछ समय पूर्व उसने प्रेम विवाह कर लिया। वह काशीपुर में किराए के मकान में पत्नी के साथ रहा करता था। गत शनिवार को अज्ञात कारणों के चलते उसने जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत गंभीर होने पर अपराह्न बाद लगभग 3:00 बजे बेहद नाजुक हालत में उसे मुरादाबाद रोड स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया जहां लगभग दो घंटे बाद लगभग 5:00 बजे जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए कंपाउंडर ने दम तोड़ दिया। मृतक चार भाई एक बहन है। वह सबसे छोटा था। खबर लिखे जाने तक घटना के सही कारणों का पता नहीं चल सका है।

**बाबा तरसेम सिंह के हत्यारों.....**

को मुखबिर की सूचना पर कल ही गिरफ्तार कर लिया गया था। 28 मार्च को कार सेवा बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या की गई थी। शूटर को असलाह बाजपुर निवासी जसपाल सिंह भट्टी उर्फ मिंटू पुत्र सतपाल सिंह निवासी केशव वाला बाजपुर जिला उधम सिंह नगर, सुखदेव सिंह गिल उर्फ सोनू गिल पुत्र सतपाल सिंह निवासी बन्नाखेड़ा थाना बाजपुर व जसपाल सिंह मिंटू की कार में राइफल उपलब्ध कराया गई थी। जसपाल सिंह और अमरजीत सिंह आपस में फुफेरे भाई हैं। वर्ष 2014 में रुद्रपुर में एटीएम चोरी व पुलिस टीम पर जानलेवा हमले के मामले में भी दोनों जेल जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि सुखदेव सिंह गिल को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जसपाल सिंह भट्टी थाना किच्छा में गैंगस्टर भी रहा है जिसके विरुद्ध उत्तराखंड का उत्तर प्रदेश में अपराध से पूर्व में हत्या के दो मुकदमे सहित 9 मुकदमे पंजीकृत है, पुलिस प्रगट सिंह के अपराध के इतिहास की जानकारी ले रही है।

**कांग्रेस के स्टार प्रचारक.....**

भाजपा के विनोद चमोली से हार गए।इसके बाद 2018 में मेयर नगर निगम का चुनाव भी हार गए। इन दो हार के बाद से दिनेश अग्रवाल पार्टी में तो रहे, लेकिन उनकी भूमिका ज्यादा प्रभावशाली नहीं थी। पिछले कुछ दिनों से उनके बगावती सुर सुनने को मिलने लगे थे। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने उन्हें मनाने की पुरजोर कोशिश की।

**पति की मौत के एक...**

बाद से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है। कुछ लोगों को यह कहते भी सुना गया कि पुत्र के रूप में मृतक अरविंद ने पुनर्जन्म लिया है।

**साइबर ठगों ने युवक को.....**

डिटेल व कम्पनी डिटेल, आधार कार्ड डिटेल व सभी बैंक खातों के बारे में जानकारी मांगी गई। डर के मारे में पीड़ित ने सारी जानकारी दे दी। जानकारी देते ही उसके खाते से एक लाख निकाल लिए गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कांग्रेस प्रत्याशी जोशी के समर्थन में वार्ड एक में होगी ऐतिहासिक रैली

## 9 अप्रैल को आयोजित रैली में वार्ड के सैकड़ों लोग होंगी शामिल–गौरी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)7 अप्रैल। नैनीताल–उधमसिंहनगर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में वार्ड एक में रैली के लिये जोरदार तैयारियां चल रही है। कांग्रेस की इस रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिये वार्ड एक से कांग्रेस के निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी दिन–रात मेहनत कर रहे है। कांग्रेस नेता सुरेश गौरी ने दावा करते हुये कहा कि नगर निगम क्षेत्र में होने वाली रैलियों में वार्ड एक की रैली ऐतिहासिक रैली होगी। श्री गौरी ने कहा कि आगामी 9 अप्रैल को हिन्दू नवसम्वतसर और पावन चैत्र नवरात्र के दिन होने वाली कांग्रेस की यह रैली तीन पानी डाम से जनपथ रोड,फुलसंगी होते हुये जेसीज पब्लिक स्कूल पहुंचकर समाप्त होगी। श्री गौरी ने दावा किया कि रैली में 1100 से अधिक लोग शामिल होंगे और 200 से ऊपर दोपहिया वाहन होंगे। श्री गौरी ने कहा कि रैली से पूर्व 11 बजे तीन पानी डाम में एक जनसभा भी आयोजित होगी। जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा आदि पहुंच कर जनता को सम्बोधित करेंगे। रैली 12 बजे तीन पानी डाम से शुरू



होकर जनपथ रोड, फुलसंगी होते हुये जेसीज पब्लिक स्कूल पहुच कर समाप्त होगी। श्री गौरी ने कहा कि वार्ड एक में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में जोरदार लहर चलरही है। निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी ने कहा कि रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिये वह अपने वार्ड में निरन्तर जनसम्पर्क कर रहे है। वार्ड वासियों को उन्हे भरपूर प्यार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड एक में उनके द्वारा रूद्रपुर नगर निगम बोर्ड एवं किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ से एतिहासिक विकास कार्य कराये गये है। उन्होंने कहा कि वार्ड में वर्षो पुरानी कई समस्याये बनी हुई थी जिन्हे किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा विधायक निधि से दूर कराते हुये इस वार्ड में ऐतिहासिक विकास कार्य कराये गये है। श्री गौरी ने कहा कि वार्ड एक में नाला,सडक और गेट की पिछले कई वर्षो से मांग हो रही थी। श्री बेहड़ ने उक्त विकास कार्य विधायक निधिा से कराकर जनता की मांग को पूरा किया है। वार्डवासी कांग्रेस प्रतिनिधियों द्वारा कराये गये विकास कार्यो से संतुष्ट है और आगामी 19 अप्रैल को कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में मतदान कर उन्हे इस वार्ड से विजयी बनाकर भेजेगी।

# ल्युगोंग के इलेक्ट्रिक एस्कावेटर एवं लोडर की भव्य लॉचिंग

## पर्यावरण की सुरक्षा में इलेक्ट्रिक वाहनों की अहम भूमिकाः शिव कुमार

रूद्रपुर। विश्व प्रसिद्ध कम्पनी ल्युगोंग के इलेक्ट्रिक एस्कावेटर एवं लोडर की गत रात्रि एलएससी इन्फ्राटैक लिमिटेड के प्रांगण में आयोजित एक समारोह में भव्य लॉन्चिंग की गई। एलएससी इन्फ्राटेक लिमि. के सीएमडी शिव कुमार अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से अवसर पर कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा इन माइनिंग इक्यूपमेन्ट के फीचर व उसकी खुबियों को ग्राहकों व उपस्थित लोगों के प्लांट स्थापित है। यह इण्डिया की नम्बर वन व्हील लोडर कम्पनी है। क्षेत्र में कई स्टोन क्रशर्स एवं माईनिंग इण्डस्ट्री में यह उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि क्षेत्रों में इस कम्पनी की लगभग 70 मशीनें है। इस अवसर पर एलएससी के सीएमडी शिव कहा कि ल्युगौंग की मशीनें पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखने के साथ साथ ईंधन बचाने का भी काम करेंगी। इस अवसर पर कंपनी के मुकेश कुमार ने कंपनी के उत्पादों की खूबियां गिनाई। इस दौरान







एलएससी इन्फ्राटेक लिमिटेड के कार्पोरेट कार्यालय कुमार आक्सीजन कम्पाउण्ड रामपुर रोड में ल्युगोंग के एमडी व्यूसोंग, निदेशक सेल्स निश्चल मल्होत्रा, लॉन्चिंग की गयी। कार्यक्रम में कम्पनी के सम्पूर्ण भारतवर्ष के डीलर, ग्राहक व उत्तराखण्ड के स्टोन क्रशर्स एवं माईनिंग इण्डस्ट्री के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस समक्ष रखा। उन्होने बताया कि ल्युगोंग विश्व की बडी इलेक्ट्रिक एस्कावेटर लोडर कम्पनियों में शुमार है। कई देशों में इसके प्लान्ट है। भारत में इन्दौर में इसका मशीनें लगी है। एलएससी इन्फ्राटेक लिमिटेड के निदेशक सौरभ अग्रवाल ने बताया कि हमारी कम्पनी 15 वर्षों से इस कंपनी से जुडी है, हमारे पास उत्तराखण्ड, कुमार अग्रवाल ने कहा कि आज पर्यावरण की सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से निपटने में इलेक्ट्रिक वाहन बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने अनिल कपूर,आदित्य कपूर, सागर कपूर, अवधेश, डीपी सिंह, ब्रजेश कुमार, मनोज कुमार,भूपेंद्र नायक,ललित दुमका, मुकेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग रहे।

# स्थापना दिवस पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट ने वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मिष्ठान एवं फल वितरित किये गये। जिला कार्यालय में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने पार्टी के संस्थापक सदस्य डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर अजय भट्ट ने वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल घई, कस्तूरी लाल तागरा, के के दास, डी एन मिश्रा, वेद ठुकराल, रामादेवी ठाकुर, मीना शर्मा, पुष्पा ग्रोवर, रजनी जुनेजा आदि को





सम्मानित किया। अजय भट्ट ने कहा कि भाजपा 1980 से पूर्व जन संघ पार्टी के नाम से जानी जाती थीं। छह अप्रैल 1980 को भाजपा का स्थापना हुआ और चुनाव चिह्न कमल फूल रखा गया। भारतीय जनता पार्टी ने जन संघ के समय से काफी उतार चढ़ाव देखा। कभी सिर्फ दो सांसद वाली पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व मंच पर अपने कूटनीतिक और विदेश नीति के कारण एक बड़ी महाशक्ति के रूप में विश्व गुरु की भूमिका को निभा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रारम्भ में विपक्ष के लोग हम पर हंसते थे। आज स्थितियां बदल गयी हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहले 282 और उसके बाद 303 सीटों के साथ देश मे एनडीए की सरकार बनी और अब चार सौ पार का लक्ष्य पूरा होने जा रहा है। श्री भट्ट ने कहा कि जनसेवा के संकल्पों के साथ भाजपा के कार्यकर्ता सतत अपने परिश्रम से देश को आगे बढ़ा रहे हैं। एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने को लेकर हम अपने पूर्वजों के सपने को साकार करने के रास्ते पर चल पड़े हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की पांचों सीटें और देश में 400 पार के मिशन के साथ विकसित उत्तराखण्ड और विकसित भारत बनाने के संकल्पों को लेकर हम चले हैं। भाजपा अपने महापुरुषों पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी,अटल बिहारी बाजपेई से प्रेरणा लेती है। भाजपा कार्यकर्ता मोदी जी के नेतृत्व में 400 पार का इतिहास रचने का संकल्प लेकर संकल्पित हो चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एक मिशन और एक ध्येय लेकर आगे बढ़ता है। आज हमें संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का दिन है। हमें गर्व है कि हमारी पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी है। तकनीक से युक्त भाजपा देश में कोने–कोने में खड़ी है। अंतिम छोर के व्यक्ति का कल्याण हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में गरीबों के मसीहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कमल जिंदल विवेक सक्सेना विकास शर्मा, अमित नारंग अनिल चौहान, ललित मिगलानी चंद्रसेन कोली तरुण,दत्ता राकेश सिंह योगेश शर्मा विपिन जल्होत्रा, श्वेता मिश्रा फरजाना बेगम शालिनी बोरा प्रमोद मित्तल राधेश शर्मा राजन राठौड़ सुरेश विश्वास बिट्टू चौहान. सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

